## प्रकृति ” कार्यक्रम के अंतर्गत पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गौर सालीवाड़ा स्कूल के छात्र–छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण (13/10/2025)




भा.वा.अ.शि.प. ( ICFRE ) – उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान ( Tropical Forest Research Institute ), जबलपुर में “प्रकृति ” कार्यक्रम के अंतर्गत 13 /10/2025 को पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गौर सालीवाड़ा  स्कूल के कक्षा 9 के लगभग 50 छात्र–छात्राओं ने संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस अवसर पर  विद्यार्थियों ने संस्थान के संग्रहालय में संस्थान द्वारा पर्यावरण एवं वानिकी से संबंधित किए जा रहे शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना एवं नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ते हुए उनमें व्यवहारिक कौशल विकसित करना था।









